# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक – 22.03.2026 (संध्या–1900 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम एशिया में उत्पन्न स्थिति पर की उच्चस्तरीय बैठक, निर्बाध रूप से पेट्रोलियम, गैस और बिजली की आपूर्ति बनाये रखने पर जोर।**
2. **विश्व जल दिवस पर राज्यभर में कई कार्यक्रम आयोजित, खूंटी में जल संरक्षण की ली गई शपथ, गिरिडीह में मंत्री सुदिव्य कुमार की मौजूदगी में कार्यशाला आयोजित।**
3. **झारखंड और ओड़िशा के कांग्रेस जिलाध्यक्षों का प्रशिक्षण शिविर चाईबासा में शुरू, विधायक प्रदीप यादव ने कहा– शिविर से संगठन को मिलेगी मजबूती।**
4. **पच्चीस मार्च तक राज्य के कई हिस्सों में आंशिक रूप से छाये रहेंगे बादल, छब्बीस और सताईस मार्च को कई इलाकों में गरज के साथ बारिश का पूर्वानुमान।**
5. **54वीं राष्ट्रीय पुरुष हैंडबॉल प्रतियोगिता के लिए रांची के सूरज उरांव का चयन, झारखंड का करेंगे प्रतिनिधित्व।**

******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम एशिया की बदलती स्थिति के मद्देनजर पेट्रोलियम, कच्चे तेल, गैस, बिजली और उर्वरक क्षेत्रों की स्थिति की समीक्षा के लिए आज एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। नई दिल्ली में आयोजित इस बैठक का मुख्य उद्देश्य निर्बाध आपूर्ति, स्थिर रसद और देश भर में कुशल वितरण सुनिश्चित करना था।

******************

खाड़ी देशों में जारी संघर्ष के बीच भारत की लगातार कूटनीतिक जीत दिख रही है। इसी कड़ी में अमेरिका से एलपीजी लेकर एक बड़ा जहाज़ आज मंगलुरु बंदरगाह पहुंचा। इसके अलावा रूस से कच्चा तेल लेकर एक अन्य जहाज भी मंगलुरु पहुंच गया है। तेल को पाइपलाइन के माध्यम से एमआरपीएल तक पहुंचाने के लिए सिंगल प्वाईंट मूरिंग सिस्टम का उपयोग किया जाएगा।

******************

विश्व जल दिवस पर आज राजधानी रांची समेत राज्यभर में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। गिरिडीह में इस अवसर पर कार्यशाला–सह–सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाली जल सहियाओं को सम्मानित किया गया। इस मौके पर नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि जल संरक्षण में जल सहिया की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि जल सहिया को प्रशिक्षित कर जल स्त्रोतों को गंदा होने से बचाया जा सकता है।

******************

राज्यस्तरीय जल महोत्सव पखवाड़ा का आज खूंटी में समापन हो गया। पखवाड़ा के दौरान गांवों और पंचायतों में जल संरक्षण को लेकर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस मौके पर स्वच्छ भारत मिशन के राज्य निदेशक मनोहर मरांडी ने बताया कि केंद्र सरकार और राज्य सरकार के समन्वित प्रयास से गांव–गांव में पेयजल उपलब्धता पर कार्य किया जा रहा है। इस दौरान उन्होंने प्राकृतिक जलस्रोतों को संरक्षित करने पर बल दिया।

******************

नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने एसीबी को पत्र लिखकर भारतीय वन सेवा के अधिकारी राजीव लोचन बख्शी के खिलाफ वित्तीय अनियमितता का आरोप लगाया है। श्री मरांडी ने एसीबी के अपर पुलिस महानिदेशक को भेजे पत्र में रांची वन प्रमंडल के तत्कालीन डीएफओ श्री बख्शी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच कराने की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया है कि तत्कालीन डीएफओ ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए करोड़ों रुपये का गबन कर साक्ष्य मिटाने की कोशिश की है।

******************

कोयला और खान मंत्री जी. किशन रेड्डी कल 7वें चरण की खनिज ब्लॉक नीलामी की शुरुआत करेंगे। इनमें कई राज्यों के 19 ब्लॉक शामिल हैं। इन ब्लॉक में स्वच्छ ऊर्जा, उन्नत प्रौद्योगिकी, उर्वरक और रणनीतिक उद्योगों जैसे क्षेत्रों के लिए आवश्यक खनिजों के भंडार हैं। खान मंत्रालय ने बताया कि यह नीलामी ऑनलाइन होगी।

*****************

संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत झारखंड और ओड़िशा के कांग्रेस जिलाध्यक्षों का दस दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आज से चाईबासा में शुरू हो गया है। शिविर के समापन समारोह में इकतीस मार्च को पार्टी के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी भी शामिल होंगे। कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने बताया कि इस शिविर से संगठन को मजबूती मिलेगी।

*****************

कांग्रेस की पूर्व विधायक अंबा प्रसाद ने राज्य सरकार पर गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने आज रांची में पत्रकारों से बातचीत में पूर्व मंत्री योगेंद्र साव के हजारीबाग स्थित आवास को ध्वस्त किए जाने की कार्रवाई को गैरकानूनी और राजनीतिक साजिश करार दिया है। पूर्व विधायक ने आरोप लगाया कि प्रशासन ने बिना किसी पूर्व सूचना के घर को तोड़ दिया, जो न्याय के सिद्धांतों के खिलाफ है।

*****************

आईआईटी आईएसएम धनबाद में दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन "मिशन वाई" आज से शुरू हो गया है। इस सम्मेलन में देशभर के पर्यावरण विशेषज्ञ भाग ले रहे हैं। दामोदर बचाओं आंदोलन के प्रणेता और विधायक सरयू राय ने बताया कि बड़ी नदियों को बचाने के लिए छोटी नदियों और जलधाराओं का संरक्षण बेहद जरूरी है। उन्होंने बताया कि छोटी जलधाराएं मिलकर ही बड़ी नदियों का निर्माण करती हैं, इसलिए उनके स्रोतों को बचाना आवश्यक है।

*****************

पलामू जिले के हुसैनाबाद थानाक्षेत्र से पुलिस ने एक व्यवसायी से रंगदारी मांगने और जान से मारने की धमकी देने वाले गिरोह का खुलासा किया है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एस0 मोहम्मद याकूब ने बताया कि इस मामले में तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि एक आरोपी फरार है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों की निशानदेही पर घटना मे प्रयुक्त मोबाइल और सिम कार्ड के साथ चोरी के मोबाइल भी बरामद किए गये हैं।

*****************

राजधानी रांची समेत राज्यभर में पच्चीस मार्च तक आंशिक रूप से बादल छाये रहेंगे और मौसम शुष्क रहेगा। मौसम विज्ञान केन्द्र के पूर्वानुमान के मुताबिक छब्बीस और सताइस मार्च को एक बार फिर राज्य में कहीं–कहीं गरज के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है। इस दौरान तेज हवा के साथ वज्रपात होने की संभावना है, जिसे लेकर मौसम केन्द्र ने येलो अलर्ट जारी किया है।

*****************

हरियाणा में कल से शुरू होनेवाली 54वीं राष्ट्रीय पुरुष हैंडबॉल प्रतियोगिता के लिए रांची से सूरज उरांव का चयन झारखंड टीम में किया गया है। प्रतियोगिता का आयोजन हैंडबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से सताईस मार्च तक होगा। सूरज उरांव रातू स्थित कार्तिक उरांव हैंडबॉल ट्रेनिंग सेन्टर से प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं।

********समाप्त*********